प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य** चिकित्साधिकारी,
जनपद– लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / खीरी / 01 / 2022–23 /** 9593 दिनांक 15.03.2023

**विषय– राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023 के दौरान जनपद लखीमपुर खीरी में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में ।**

महोदया / महोदय,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एनएच0एम0 / एम0एण्डई0 / 2022–23 / 04 / 2566–2 दिनांक 19.07.2022 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023 के दौरान जनपद लखीमपुर खीरी में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या तैयार की गयी है, जो कि पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्यवाही कराते हुये आख्या 07 कार्यदिवसों को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
**मिशन निदेशक**

तद्दिनांक

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / खीरी / 01 / 2022–23 /**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, लखीमपुर खीरी, उ0प्र0।
2. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबंधक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, लखीमपुर खीरी, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(अपर्णा उपाध्याय)
**मिशन निदेशक**

# जनपद–लखीमपुर खीरी की सहयोगात्मक भ्रमण आख्या

**(भ्रमण अवधि– दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023)**

राज्य स्तरीय टीम–

**जनपदीय नोडल अधिकारी–सुश्री सुधा यादव, महाप्रबन्धक, मानव संसाधन**
**सदस्य 1. सुश्री सरिता मलिक–परामर्शदाता, प्रशिक्षण**
**सदस्य 2. सुश्री पूजा देवी, कार्यक्रम समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य**

दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–

1. **जिला महिला चिकित्सालय, लखीमपुर खीरी।**
2. **200 बेडेड एम0सी0एच0 विंग, लखीमपुर खीरी।**
3. **एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, गोला।**
4. **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरदान।**
5. **एच0डब्ल्यूसी0, उपकेन्द्र, रजापुर, फरदान**
6. **उपकेन्द्र, धुसकिया एवं उपकेन्द्र, चन्दन चौकी, पलिया।**
7. **वी0एच0एन0डी0, भुलिया, बुजुर्ग, खम्भौल।**

मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023 के मध्य जनपद लखीमपुर खीरी का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया।भ्रमण आख्या निम्नवत् है–

## एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0,फरदान, जनपद –लखीमपुर खीरी

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोशजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी | |
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी लेकिन मानकानुसार रखरखाव नहीं था। प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी उपलब्ध नहीं थी। | 7 ट्रे का मानकानुसार संरक्षित करने तथाप्रसव कक्ष में डिजीटल घडी लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक | |
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है। | यथा स्थान पर रखवाया गया प्रोटोकाल पोस्टर को यथा स्थान पर चस्पा करना। | चिकित्सा अधीक्षक | |
| प्रसव रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट नहीं किया जा रहा है तथा केसशीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा केसशीट पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन नहीं किया जा रहा है। | प्रसव पंजीकरण तत्काल अपडेट करना। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक | मातृ स्वास्थ्य अनुभाग |
| ब्लाक स्तरीय सर्पोटिव सुपरविजन प्लान उपलब्ध नहीं था। | सर्पोटिव सुपरविजन प्लान बनाकर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा भ्रमण किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक/ब्लॉक कार्यकम प्रबंधक | |
| प्रसव उपरान्त महिलाये लगभग 08 से 10 घन्टे ही रूक रही है जे0एस0एस0के0 के अनतर्गत प्रदान की | लाभार्थी को 48 घन्टे तक रोकने तथा डिस्चार्ज का दिनांक व समय भोजन पंजिका | सम्बन्धित स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जा रही सेवाओं के अनुसार भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | में अंकित करने का सुझाव दिया गया। | | |
| बिल/वाउचर्स का रखरखाव उचित प्रकार से नहीं किया गया है। रिकार्ड की जांच करते समय सम्बन्धित लिपिक बिल/वाउचर्स दिखाने में सक्षम नहीं थे। | बिल/वाउचर्स का रखरखावक्रमवार होना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक एवं चिकित्सा अधीक्षक | वित्त अनुभाग |
| कैशबुक/बैंकबुक में सम्बन्धित अधिकारियों से दैनिक सत्यापन ससमय नहीं किया गया है। | कैशबुक/बैंकबुक अधिकारियों द्वारा दैनिक सत्यापन किया जाए। | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक एवं चिकित्सा अधीक्षक | |
| कय की गयी सामग्रियों की प्रविष्टी स्टॉक रजिस्टर में नहीं की जा रही है। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी फरदान द्वारा यह अवगत कराया गया कि उनके द्वारा शीघ्र ही स्टॉक रजिस्टर की प्रविष्टी पूर्ण करा ली जायेगी। | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक एवं चिकित्सा अधीक्षक | |

## वी0एच0एन0डी0, भुलिया, बुजुर्ग, खम्भौल, जनपद– लखीमपुर खीरी

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| वी0एच0एन0डी0 सत्र ऑगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित किया जा रहा था। संविदा ए0एन0एम0 शारदा दीक्षित एवं सरिता देवी आशा तथा आंगनवाडी उपस्थित थी। | सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने एवं सभी अभिलेख पूर्ण/अद्यतन करने हेतु सुझाव दिया गया। आशा तथा ए0एन0एम0 को समस्त कार्यक्रमों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | ब्लॉक स्तर पर– चिकित्सा अधिकारी/ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक/ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर | मातृ स्वास्थ्य एवं नियमित टीकारण अनुभाग |
| आशा के पास अपडेट डयु लिस्ट नहीं थी तथा आशा के समस्त रिकार्ड पूरी तरह भरे नहीं थें। वी0एच0आई0आर0 रजिस्ट्रर नहीं भरा जा रहा था। | | | |
| गर्भवती/प्रसूती महिला, लक्षित दम्पत्ति सूची, एच0आर0पी0 सूची आदि उपलबध नहीं थी। हाई रिस्क प्रेगनेंसी का अलग से रजिस्टर उपलब्ध नहीं था तथा जो रजिस्टर उपलब्ध था, उसमें भी एच0आर0पी0 को चिन्हीकृत नहीं किया गया था। | | | |
| आशा एवं ए0एन0एम0 को एच0आर0पी0 चिन्हीकरण, फॉलोअप एवं संस्थागत प्रसव हेतु दिये जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि के बारे में भी जानकारी नहीं थी। | | | |

## उपकेन्द्र, धुसकिया, पलिया।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में प्रसव कराये जा रहे हैं, तथा वहां पर लेबर रूम की स्थिति भी ठीक है। उपकेन्द्र परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। पर बिजली का कनेक्शन नहीं है। सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों की स्कीनिंग की जा रही थी, ऑन–लाईन | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराने तथा इन्टरनेट कनेक्शन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ए0एन0एम0/सी0एच0अ ो0/ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। उपकेन्द्र में केसशीट उपलब्ध नहीं थी। | | |

## उपकेन्द्र, चन्दन चौकी, पलिया।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में प्रसव कराये जाते हैं, परन्तु वहां पर लेबर रूम की स्थिति भी ठीक है। उपकेन्द्र पर साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। उपकेन्द्र में केसशीट उपलब्ध नहीं थी। | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराने कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 / सी0एच0ओ0 / ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक |

## एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0 गोला, लखीमपुर।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस का आयोजन किया जा रहा था तथा पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस की आई0ई0सी0 हेतु पोस्टर बाहर नहीं चस्पा था। | तत्काल पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस के प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर इकाई के बाहर लगवाया गया तथा एक पी0एम0एस0एम0 क्लीनिक पर भी पोस्टर लगवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता | मातृ स्वास्थ्य अनुभाग |
| लेबर रुम एवं भर्ती मरीजों के लिए शौचालय गन्दा पाया गया। | उपलब्ध संसाधनों में आवश्यक व्यवस्थायें करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम0 / स्टाफ नर्स | |
| मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, भरा नही जा रहा था। आर0सी0एच0 नम्बर उपलब्ध न होने के कारण भरे नहीं जा रहा थे। | मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर आदि भरे जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ | |
| जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे नहीं रोका जा रहा है। | सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे तक रोके जाने व समस्त बेड का उपयोग किये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित स्टाफ | |
| मरीजों हेतु टेबल, पंखा, बेन्च आदि का अभाव वेटिंग एरिया में देखने को मिला। | मरीजों हेतु टेबल, पंखा, बेन्च आदि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम0 | |
| इकाई की साफ–सफाई व्यवस्था संतोशजनक नहीं थी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई को मेंण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम0 | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 पुरानी व आवश्यकतानुसार प्रर्दिशत नही थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम0 | आई0ई0सी0 अनुभाग |
| परिसर के अन्दर विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित वॉल पेटिंग नही | विभिन्न योजनाओं के अपडेटेड प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित वॉल | प्रभारी चिकित्साधिकारी / | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| है। | पेटिंग यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | बी0पी0एम0 | |
| जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड पी0एन0सी0 वार्डनहीं लगा था। लाभार्थियों को ना ता व भोजन मानकानुसार तथा समय पर नही दिया जा रहा है। | दिशा निर्देश के अनुसार जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों गुणवत्तापूर्णभोजन दिए जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी | मातृ स्वास्थ्य अनुभाग |
| कण्डोम बाक्स नहीं लगा था। | कण्डोम बाक्स लगाने व प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी | परिवार नियोजन अनुभाग |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड सही प्रकार से मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन कई जगह नहीं भरा था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0इन्सर्शन फालोअप का फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ | |
| ई0डी0एल0 का प्रदर्शन नही किया गया था। सीटीजन चार्टर पुराना लगा हुआ था। | अपडेटेड ई0डी0एल0का प्रदर्शन प्रतिदिन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी | |
| स्टोर में औशधियों एवं एक्सापायर मेडिसिन का रख रखाव व रजिस्टर इन्ट्री मानकानुसार नही था । | फार्मासिस्ट को औशधियों एवं एक्सापायर मेडिसिन का रख रखाव व रजिस्टर इन्ट्री मानकानुसार कराने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित फार्मासिस्ट | |
| चिकित्सालय में उपलब्ध 108 एम्बुलेंस की स्थिति अत्यन्त की खराब थी तथा उसमें दवायें व उपकरण मानकानुसार उपलब्ध नहीं थी। ई0एम0टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हाल में एम्बुलेंस की सर्विस करायी गयी है, एरन्तु स्थिति अत्यन्त ही जर्जर थी। निरीक्षण के दौरान ही लभार्थी की कॉल आ रही है ऐसा कहकर एम्बुलेंस लेकर तुरन्त ही चला गया। | एम्बुलेंस का पुनः निरीक्षण कर सही रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता | ई0एम0टी0एस0 अनुभाग |

## एच0डब्लू0सी0 उपकेन्द्र– रजापुर, ब्लाक फरदान ।

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| **उपकेन्द परिसरः–** | | |
| परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध नही है। परिसर की रंगाई–पुताई एवं ब्रैडिंग करायी गयी है। | परिसर की साफ–सफाई मेण्टेन रखने का सुझाव दिया गया। | प्रभारीचिकित्साधिकारी |
| प्रसव कक्ष, परिसर एवं शौचालय में लाईट (विद्युत आपूर्त्ती) नहीं था। लाईट का कनेक्शन नहीं है। | परिसर एवं शौचालय में लाईट (विद्युत आपूर्त्ती) कनेक्शन कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी/प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **दवाईयाँ एवं उपकरण** | | |
| दवाईयों एवं उपकरणों को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रखा गया था। | दवाईयों एवं उपकरणों का रिकार्ड में रख–रखाव एवं भौतिक अवलोकन नियमित रुप से करते रहने का सुझाव दिया गया। | सी0एच0ओ0 |

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव केन्द्र– | | |
| प्रसव कक्ष की बहुत ही जर्जर स्थिति थी तथा साफ–सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। बिल्डिंग में बहुत ही सीलन तथा पुरानी है। | प्रसव कक्ष को कहीं अन्यत्र स्थानान्तरित करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी / प्रभारीचिकित्साधिकारी |

## ए0एन0एम0टी0सी0, लखीमपुर खीरी

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| ए0एन0एम0टी0सी0 में अभ्यर्थियों, पी0एच0एन0 ट्यूटर तथा सपोर्ट स्टाफ की स्थिति, प्रशिक्षण कक्ष, आई0टी0 लैब, स्किल लैब, छात्रावास, डाइनिंग एरिया, स्वच्छ पेय जल इत्यादि का निरीक्षण किया गया। आई0टी0 लैब में 04 में से 03 कम्प्यूटर यू0पी0एस0 सहित पाये गये, प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि 01 कम्प्यूटर सेट कतिपय कारण से सी0एम0ओ0 कार्यालय में स्थापित कराया गया है। साथ ही प्रिन्टर उपयोगित नहीं पाया गया। | 01 कम्प्यूटर सेट को ए0एन0एम0टी0 में स्थापित आई0टी0 लैब में स्थापित किया जाना है तथा प्रिन्टर को इन्सटॉल कराया जाना। | डी0पी0एम0 / प्रधानाचार्य ए0एन0एम0टी0सी0 | प्रशिक्षण अनुभाग |
| अभ्यर्थी ए0एन0एम0 को बेसिक कम्प्यूटर (एम0एस0 ऑफिस आदि) की शिक्षा में का अभाव पाया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात एफ0एल0सी0,एन0सी0डी0 सेल को अपने मूल तैनाती के साथ–साथ प्रत्येक कार्य दिवस 01 घण्टे ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र के आई0टी0 लैब में उपस्थित होकर अभ्यर्थी ए0एन0एम0 को बेसिक नॉलेज कम्प्यूटर विशय पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सम्बद्ध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0 / प्रधानाचार्य ए0एन0एम0टी0सी0 | |

## जिला महिला चिकित्सालय, लखीमपुर खीरी

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| केस शीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा है। | प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन तथा केसशीट भरी जाना। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| परिसर में साफ–सफाई ब्यवस्था के सम्बन्ध में अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मशीनीकृत साफ सफाई नियमित रूप से की जा रही है परन्तु अनुबन्धित एजेन्सी द्वारा निर्धारित संख्या से कम मानव संसाधन उपलब्ध कराया गया है। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। प्रतिदिन म ीनीकृत साफ सफाई हेतु तथा निविदा के अनुसार मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया साथ ही चिकित्सा अद्यीक्षक महोदय को निविदा में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मानीटरिंग प्रपत्र में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर ही भुगतान किये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | मातृ स्वास्थ्य अनुभाग |
| चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि उनके यहां 01 ही ऑपरेटर होने की वजह से ऑन–लाईन जे0एस0वाई0 भुगतान व अन्य ऑन–लाइन कार्य समय से नहीं हो पा रहे हैं। | मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात ऑपरेटर को 03 दिन जिला महिला चिकित्सालय में सम्बद्व किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / जिला कार्यक्रम प्रबंधक। | |
| एस0एन0सी0यू0 में साफ–सफाई व्यवस्था ठीक थी। भर्ती बच्चों के सम्मुख रेडियन्ट वार्मर में Identification slip पर स्केच से लिखा गया था, जो कि स्पष्ट नहीं है। | स्लिप पर पेन या परमानेंट मार्कर से लिखने का सुक्षाव दिया गया। | नोडल एस0एन0सी0यू0 / स्टाफ | बाल स्वास्थ्य अनुभाग |

**200 बेडेड एम0सी0एच0 विंग, लखीमपुर खीरी**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व | राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 200 एम0सी0एच0 विंग में साफ–सफाई का अभाव था तथा सीडियों पर बहुत गंदी थी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। प्रतिदिन साफ सफाई हेतु तथा निविदा के अनुसार मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया साथ ही चिकित्सा अद्यीक्षक महोदय को निविदा में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मानीटरिंग प्रपत्र में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर ही भुगतान किये जाने जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्लड़ बैंक में पूरी तरह से अक्रियाशील है। वहां पर साफ–सफाई नहीं थी तथा कोई भी उपकरण पूरी तरह से क्रियाशील नहीं थे। रोस्टर के अनुसार स्टाफ भी उपलब्ध नहीं था। बार–बार निर्देशित करने के उपरान्त वहां पर कुछ स्टाफ ही आया तथा ऑपरेटर को कॉल करने पर उनके द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया एवं वह वहां पर उपलब्ध नहीं थे। उनके द्वारा किसी भी ऑन–लाइन पोर्टल पर कोई रिपोर्ट नहीं की जा रही है। | ब्लड बैंक में कार्यरत स्टाफ का भ्रमण के दौरान अनुपस्थिति स्टाफ का उक्त दिवस का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिये गये तथा ब्लड़ बैंक की पूर्णतया क्रियाशीलता सुनशिचित कराते हुये सूचना राज्य स्तर पर प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबंधक / जिला लेखा प्रबंधक / सम्बन्धित स्टाफ। | ब्लड अनुभाग |

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद–लखीमपुर खीरी के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

मिशन निदेशक महोदय, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा द्वारा **उपरोक्त बिंदुओं पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद लखीमपुर खीरी से वार्ता की गयी तथा उन्हें भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों / सुधारात्मक कार्यवाही से अवगत कराया गया।** मुख्य चिकित्साधिकारी,जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रतातिशीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही कराने का आस्वाशन दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, जनपदीय नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला मात् स्वास्थ्य परामर्शदाता, एन0सी0डी0 काउन्सलरआदि उपस्थित थे। बैठकमें उपस्थित समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों से भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों / सुधारात्मक कार्यवाही पर चर्चा की गयी तथा आपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शिलय मैनेजमेंट में दिये गये निर्देशों के अनुसार लेखाभिलेखों को तैयार कराये तथा मैनुअल का जनपद एवं अधिनस्थ इकाईयों द्वारा पूर्णतः पालन किये जाने पर जोर दिया गया।बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत है–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा–

- बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ मदवार व्यय विवरण के माध्यम से वर्ष 2022–23 में जनपद को प्राप्त कुल धनराशि की मद वार एवं पूर्व वर्ष की कमिट धनराशि की मद वार व्यय विवरण की अध्यतन स्थिति पर समीक्षा की गयी जिसमें जनपद को वर्श 2022–23 हेतु विभिन्न कार्यक्रमो में मदवार भुगतान करने हेतु सुनिश्चित किया गया। जनपद को प्रत्येक मदो में प्राप्त धनराशि का भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान हेतु निर्णय लिया गया।
- जनपद स्तर पर सर्पोटिव सुपर विजन सभी अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा किया जाए। भ्रमण के दौरान सम्बन्धित चेक लिस्ट को भरा जाए एवं जो गैप निकले उसमें सुधार किया जाए। भ्रमण पश्चात सभी अधिकारी / कर्मचारी अपना भ्रमण आख्या अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें।
- समस्त बी0सी0पी0एम0, को निर्देशित किया जाये कि रोगी कल्याण समिति के रजिस्टरो,वी0एच0एस0एन0सी0, का रिकार्ड, अन्टाइड का रिकार्ड / बैठक / कार्यवृत्ति को अपडेट रखेगें तथा नियमानुसार एच0बी0एन0सी0 व वी0एच0एन0डी0 कार्यक्रमो का अनुश्रवण करेगें एवं समस्त ब्लाक लेखा प्रबन्धक अपने समस्त लेखा / वित्तिय रिकार्ड को अपडेट रखेंगे।
- समुदाय आधारित गतिविधियों यथा परिवार नियोजन, मातृ–मृत्यु समीक्षा, आशा भुगतान, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोशण समिति, अनटाइड फन्ड एवं प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की समीक्षा एवं भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान हेतु दिशा–निर्देश दिये गये।
- जनपद में नर्स मेण्टर के इन्सेंटिव का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसे तत्काल कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- जिला लेखा प्रबन्धक, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता के साथ जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देश दिया गया कि जनपद की समस्त इकाइयों पर आवंटित बजट के सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा कर शतप्रतिशत भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।

**भ्रमण दल द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिये गये–**

- ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। भिन्नता की भी जॉच सुधार करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का सुझाव दिया गया।
- भ्रमण की गई स्वास्थ्य इकाईयों के फीडबैक से अवगत कराते हुए सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने का सुझाव दिया गया।
- ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में समस्त जानकारियों से समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उनका क्षमतावर्धन किया जाये जिससे उपलब्धि बढ़ाई जा सके।
- प्रत्येक माह सामुदायिक कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
- रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर आयोजित नहीं की जा रही हैं। बैठकों का आयोजन नियमित किये जाने का सुझाव दिया गया।
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की धनराशि का भुगतान विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों/वेन्डर्स के खाते में किये जाने की व्यवस्था है। अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अनियमित रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की धनराशि अपने व्यक्तिगत खाते में हस्तांतरित कीजाती है, तो यह गबन/गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आएगा।**
- जिला के सभी पीएचसी/सीएचसी लेखा कर्मियों की निश्चित अन्तराल में बैठक/प्रशिक्षण आयोजित की जानी चाहिए जिससे उनकी व्यवहारिक एवं कर सम्बन्धी सभी समस्याओं को दूर किया जा सके।
- पंजीयन प्रमाणपत्र एवं उपभोग प्रमाण पत्र सम्बन्धित एन0जी0ओ0 एवं आर0के0एस0 से प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।
- कार्यवृत्त रजिस्टर सम्बन्धित बैठकों की कार्यवृत्ति पंजिका नियमित रुप से अद्यावधिक भरा जाय।
- जनरेटर/वाहन लाग बुक नियमित रुप से बनाई जाय एवं सम्बन्धित अधिकारी द्वारा ससमय नियमित रुप से प्रमाणित करा कर रखा जाय।
- चेक निर्गत रजिस्टर एवं जे0एस0वाई रजिस्टर निर्धारित प्रारुप में तैयार किया जाय।
- बी0आर0एस0 माहवार तैयार किया जाना चाहिए।
- फण्ड का उपयोग आवश्यकतानुसार करें न कि वर्ष के अन्त में।
- नियमित अन्तराल पर जनपद स्तरीय व्यय भुगतान समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें सी0एच0सी0/पी0एच0सी स्तर के सभी सम्बन्धित कर्मियों को, जो लेखा पुस्तकों के रख–रखाव के लिए मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं, बुलाया जाय। उनकी समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाना भी अपेक्षित है।

**राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाहीः–**

- भ्रमण के दौरान पाया गया कि जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा ब्लॉक स्तरीय इकाइयों पर भ्रमण नहीं किया जा रहा है तथा मातृ स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं, दिशा–निर्देश तथा अन्य मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्बन्धी आवश्यक जानकारी ब्लॉक/इकाई स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को नहीं दी जा रही है। पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस पर ई–रूपी वाउचर के माध्यम से भुगतान हेतु उनके लगभग 70 महिलाओं के रू0 01/– लाभार्थी वाउचर जारी कर दिये गये थे, जो कि रू0 250/– लाभार्थी जारी किये जाने थे। अतः जिला मातृ स्वास्थ्य पराम दाता को स्पष्टीकरण दिये जाने तथा टी0ए0 रोकने के सम्बन्ध में कार्यवाही अपेक्षित है।
- 200 एम0सी0एच0 विंग में ब्लड़ बैंक में तैनात ऑपरेटर को कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा उक्त दिवस का वेतन न आहरित करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को स्पष्टीकरण दिया जाना अपेक्षित है।

**सुश्री पूजा देवी,**
**कार्यक्रम समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य**

**सुश्री सरिता मलिक**
**परामर्शदाता, प्रशिक्षण**

**सुश्री सुधा यादव,**
**महाप्रबंधक, मानव संसाधन**

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद– लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/SS visit/खीरी/01/2022–23/** दिनांक 15.03.2023

**विषय– राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023 के दौरान जनपद लखीमपुर खीरी में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में ।**

महोदया/महोदय,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एनएच0एम0/एम0एण्डई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक 19.07.2022 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 08 से 10 फरवरी 2023 के दौरान जनपद लखीमपुर खीरी में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या तैयार की गयी है, जो कि पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्यवाही कराते हुये आख्या 07 कार्यदिवसों को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
**मिशन निदेशक**

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/SS visit/खीरी/01/2022–23/** 9593-5 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, लखीमपुर खीरी, उ0प्र0।
2. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबंधक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, लखीमपुर खीरी, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Aparna

(अपर्णा उपाध्याय)
**मिशन निदेशक**